Process Safety Beacon

उत्पादन क्षेत्र व्यक्तियों के लिए


www.aiche.org/ccps/process-safety-beacon

An AIChE Technology Alliance
CCPS
Center for Chemical Process Safety
aiche.org/ccps

इस अंक के प्रायोजक है
ioMosaic®
Minimizing risk. Maximizing potential.®
www.iomosaic.com

# अन्तराष्ट्रीय सुरक्षा सप्ताह की घोषणा !!

नवम्बर 2024




विश्व में फैले प्रोसेस सुरक्षा समुदाय 2- 6 दिसंबर 2024 को होने वाले प्रथम अंतराष्ट्रीय प्रोसेस सुरक्षा सप्ताह (आईपीएसडब्ल्यू – IPSW) को प्रस्तुत करने के लिए एकत्रित होकर कार्य कर रहे है । प्रोसेस सुरक्षा में निरंतर सतर्कता चाहिए। आईपीएसडब्ल्यू का उद्देश्य सतर्कता को बढ़ावा देना है और गत महत्वपूर्ण घटनाओ का स्मरण करने और सीखने को प्रोत्साहित करना है । आईपीएसडब्ल्यू हमारे विचारो को सुदृढ करने में सहायता करेगा और " प्रोसेस सुरक्षा घटनाए मुक्त विश्व " की प्राप्ति के लिए लगातार सुधार करने किए वचनबद्ध रहेगा ।

हम सीसीपीएस(CCPS) प्रोसेस सुरक्षा बिकोन के पाठको और अन्यो से विनती करते है कि इस प्रकार की अनूठी ऑन लाईन कार्यक्रम के लिए पंजीकृत करे । इस कार्यक्रम की प्रविष्टि बिना किसी शुल्क के है परंतु पंजीकरण अवश्य है । नीचे दर्शित क्यू आर(QR) कोड़ आप को पंजीकरण पटल पर ले जाएगा । यह हम सब के लिए पिछली घटनाओ से सीखने और जानने का और प्रोसेस सुरक्षा को मजबूत करने के लिए हमारे निश्चय को और प्रबल बनाने के लिए बहुत बड़ा अवसर है । यह एक सभी लोगो में पाई जानी वाली सामान्य बात है कि हम निरंतर सीखने और सुधार करने के लिए प्रोत्साहित है । समाज को जोखिम भरे प्रचालनो के गंभीर परिणामो से बचाने लिए एक जुट होकर कार्य करना पहले से भी कई गुना महत्वपूर्ण है ।

REGISTER HERE

## क्या आप जानते है ?

- सीसीपीएस और अन्य प्रोसेस सुरक्षा संगठन 2 -6 दिसंबर 2024 में होने वाले अंतराष्ट्रीय प्रोसेस सुरक्षा सप्ताह (IPSW) में सीखने के लिए सुअवसर प्रदान कर रहे है । उस के इस पर क्लिक करे: www.aiche.org/ccps/ipsw
- इस सप्ताह का उद्देश्य है कि हम सभी प्रोसेस सुरक्षा के महत्त्व को अच्छी तरहा जान ले और यदि प्रोसेस सुरक्षा का प्रबंधन सही प्रकार से न किया जाए तो इस के क्या प्रणाम हो सकते है ।
- बहुत सी संस्थाओ ने महत्वपूर्ण घटनाओ का अनुभव किया है , जिस के कारण उनके प्रचालनों में बहुत अधिक परिवर्तन आए है और उनकी संस्कृति को भी प्रभावित किया है ।हो सकता है कि आप की कंपनी में इस प्रकार में एक या अधिक घटनाए हुई हो । आप के संगठन में घटनाओ को दोबारा होने से बचाने के लिए कुछ नियत प्रणालिया और नीतिया होंगी ।
- प्रोसेस सुरक्षा के घटनाए हर आकार की संस्था में हुये है और ऐसी कंपनियों में जैसे कि खादय और कागज और गूददा ( paper और pulp) बनाने वाले उद्योग "रासायनिक उत्पादको " की सूची में नही आते है ।
- घटनाओ की जांच करते समय प्दयतियों पर ध्यान केन्द्रित होना चाहिए कि किस कारणो से घटना घटित हुई । प्रत्येक घटना से कुछ सीख होनी चाहिए ताकि यदि उचित प्रकार से यह दस्तावेज़ है और इस की अनुपालना की गई है ताकि दूसरी घटना को होने से रोका जा सके ।

## आप क्या कर सकते है ?

- आप अपने पर्यवेक्षक से पूछे कि आईपीएसडब्ल्यू (IPSW) में होने वाले कार्यक्रमों से भाग लेने के लिए कौन से विषय में दिलचस्पी है। एक सप्ताह के कार्यक्रमों के पश्चात बहुत सी प्रस्तुतिया उपलब्ध रहेगी।
- आप की संस्था में हो सकता है कि पिछले कुछ समय में गंभीर प्रोसेस सुरक्षा घटना हुई हो । अपने पर्यवेक्षक या कोई अन्य वरिष्ठ व्यक्ति से पूछे कि आप को किसी घटना के बारे में जानकारी है । इन घटनाओ से सीख हमारे प्रचालनों और कंपनी के संस्कारो के पारूप को बदल सकती है ।इन घटनाओ के बारे में वार्तालाप इस प्रबल इच्छा पर ज़ोर देगी कि क्यों रोज़मर्रा के प्रचालनों में प्रोसेस सुरक्षा बहुत अवश्यक है।
- एक इन्टरनेट की तलाश (search) से हमे पिछली घटनाओ से सीखे सबको के बारे में पता चल सकता है। बहुत सी घटनाओ की रिपोर्ट हमें इंटरनेट पर उपलब्ध हो सकती है।
- आप अपना ध्यान उन प्रतिदिन के सुरक्षा संदेशो पर केन्द्रित करे जो आपकी कंपनी में या आप की पास की कंपनी में घटित हुई है। .

**आयें और मिल जुल कर हम भविष्य में होने वाले प्रोसेस सुरक्षा घटनाओ को रोकने के लिए प्रयत्न करते है**

©AIChE 2024. All rights reserved. Reproduction for non-commercial, educational purposes is encouraged. However, reproduction for any commercial purpose without express written consent of AIChE is strictly prohibited. Contact us at ccps_beacon@aiche.org or +1 646-495-1371.

This has been translated into Hindi by Vivek Ranjan Gupta , MUMBAI (India)